# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- विधानसभा में आज राज्य में हुई अतिवृष्टि पर होगी विशेष चर्चा, किसानों के लिए राहत पैकेज की हो सकती है घोषणा।
- खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे आज झारखंड के दौरे पर, रामगढ़ के कुजू में जीएसआई के नव–निर्मित प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवासीय सुविधा का करेंगे उद्घाटन।
- राज्य के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तैयारी शुरु, राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का दिया निर्देश।
- देवघर की श्वेता शर्मा को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांच सितंबर को राष्ट्रपति के हाथों होंगी सम्मानित।
- झारखंड के वुशु खिलाड़ियों का जार्जिया में आयोजित बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, तीन रजत और एक कांस्य पदक किया हासिल।

********************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान आज अतिवृष्टि की वजह से राज्य में खेती–किसानी की स्थिति और सरकार द्वारा अन्नदाताओं को राहत देने के लिए उठाए जा रहे कदमों को लेकर विशेष चर्चा होगी। राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सदन में कृषि पर विशेष चर्चा के दौरान अति वृष्टि की वजह से फसलों को हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट पटल पर रखेंगी। संभावना जतायी जा रही है कि सरकार की ओर से किसानों के लिए बड़ी राहत की घोषणा भी हो सकती है।

********************

खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे आज झारखंड के दौरे पर आयेंगे। वे दिन के साढ़े दस बजे रामगढ़ के कुजू में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जीएसआई के नव–निर्मित प्रशासनिक भवन और प्रशिक्षु आवासीय सुविधा का उद्‌घाटन करेंगे। इसे लेकर कुजू के फिल्ड ट्रेनिंग सेंटर में उद्‌घाटन समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज पर सवाल उठाये हैं। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पलामू गयीं अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रांची में रिम्स–2 के मामले में ग्रामीणों के आंदोलन से सरकार डरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को हठधर्मिता छोड़कर राज्य के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

********************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी देश को तोड़ना चाहती है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा को राज्य और देश के विकास कोई लेना–देना नहीं है। वह भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

********************

राज्य के शिक्षा मंत्री सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारी राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू कर दी है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह संयुक्त सचिव सुबोध कुमार ने पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पत्र भेजकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। आयोग ने पहली जुलाई 2025 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण करने को कहा है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने कल शाम धनबाद सीबीआई की एसीबी ब्रांच के दफ्तर में रांची जोन के ज्वाइंट डायरेक्टर राजीव रंजन और धनबाद सीबीआई एसपी प्रह्लाद किशोर झा सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डायरेक्टर ने कोर्ट में चल रहे मामलों में तेजी से ट्रायल करा कर भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने का आदेश दिया।

********************

रांची के दीपाटोली कैंट स्थित केरकेट्टा सभागार में आज ईस्ट टेक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अपने विचार व्यक्त करेंगे। संगोष्ठी का विषय है–एक मज़बूत रक्षा औद्योगिक आधार के निर्माण के लिए एमएसएमई का एकीकरण।

********************

देवघर स्थित विवेकानंद राजकीय मध्य विद्यालय की शिक्षिका श्वेता शर्मा का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पांच सितंबर को समारोह में चयनित 45 शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। झारखंड से एक मात्र शिक्षिका श्वेता शर्मा का ही चयन इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है।

********************

पलामू जिले के सभी डाकघर अब डिजीटल हो गये हैं। यहां कई सेवाएं एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो रही हैं।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड से निम्न दवाब का क्षेत्र आगे निकल गया है। इस वजह से मानसून की सक्रियता थोड़ी धीमी पड़ गयी है।

********************

झारखंड के वुशु खिलाड़ियों ने जार्जिया में आयोजित बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड के एल प्लेटोदीप सिंह ने ताऊलु स्पर्धा में दो रजत पदक, जबकि तनुश्री ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। पदक विजेता खिलाड़ियों से झारखंड वुशु संघ के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के दौरान पक्ष–विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक और कार्यवाही बाधित होने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–गुवाहाटी, त्रिवेंद्रम और इंदौर के लिए रांची से उड़ान भर सकेंगे यात्री, एक सितंबर से शुरु हो जायेगी सेवा।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–हजारीबाग के पूर्व खासमहाल पदाधिकारी रांची से गिरफ्तार।

प्रभात खबर लिखता है–बिरसा मुंडा की 150वीं जयती मनाने को समिति का गठन, पीएम खुद करेंगे अध्यक्षता।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–माल, पुल–पुलिया, अस्पताल के निर्माण पर पानी में बहे करोड़ों।

********************